हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

हिंदी पखवाड़ा-2023 प्रतिवेदन

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 14 सितम्बर, 2023 से 27 सितम्बर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका विवरण इस प्रकार है :–

1. गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितंबर, 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन से हुआ, इसमें विश्वविद्यालय की भागीदारी से हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ हुआ। 14 व 15 सितंबर, 2023 को पुणे में आयोजित हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की ओर से हिंदी अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह ने प्रतिभागिता की।

2. तत्पश्चात 18 सितम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय द्वारा डॉ. अमित मनोज द्वारा तैयार हिंदी साहित्य के ख्यात रचनाकार बालमुकुंद गुप्त पर आधारित दस दिवसीय **'रचना पोस्टर प्रदर्शनी'** का उद्घाटन किया गया।

3. दिनांक 19 सितंबर, 2023 को विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए भी **'हिंदी निबंध लेखन'** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 36 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अजयपाल व शिक्षा पीठ के सहायक आचार्य डॉ. सरन प्रसाद ने निर्णायक के दायित्व का निर्वहन किया।

4. इसी क्रम में दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के राजकीय विद्यालयों के छठीं से आठवीं तथा नौवी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए **'हिंदी निबंध लेखन'** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न राजकीय विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की सह–आचार्य डॉ. कमलेश कुमारी तथा संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुमन रानी ने निर्णायक के रूप में अमूल्य सहयोग दिया।

5. कार्यक्रमों की इसी कड़ी में दिनांक 22 सितंबर, 2023 को '**संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली पर आधारित कार्यशाला**' का आयोजन किया गया। इसमें इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली के उपकुलसचिव (राजभाषा) श्री आनंद सोनी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

6. दिनांक 25 सितम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए '**ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**' तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए '**ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व हिंदी पत्र/टिप्पण लेखन प्रतियोगिता**' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 01 शिक्षक व 09 शिक्षणेतर कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर नंदकिशोर तथा योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप भूमिका निभाई।

7. दिनांक 27 सितंबर, 2023 को '**समापन समारोह**' एवं '**पुरस्कार वितरण**' समारोह के साथ हिंदी पखवाड़ा का समापन हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति माननीय कुलपति महोदय, प्रो. टंकेश्वर कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और अपने विचारों से समारोह को समृद्ध किया। कुलपति महोदय ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपने कर–कमलों से नकद पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

विजेताओं की सूची

हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों हेतु)

दिनांक 19.09.2023

क्र.	नाम	पिता का नाम	विभाग	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	प्रिया सैनी	श्री चरण सिंह	एम.एड	75	प्रथम
2	सौरभ	श्री विजय शर्मा	एम.ए. (हिंदी)	73	द्वितीय
3	रितांजली	श्री वकील राम	पी.एच.डी, हिंदी	71	तृतीय

हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव के स्कूली बच्चों के लिए)

(कक्षा 9 से 12)

दिनांक 20.09.2023

क्र.	नाम	पिता का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	विनि	श्री करतार सिंह	12	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (पाली)	42	प्रथम
2	सोमवती	श्री रोशन लाल	12	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (मालड़ा बास)	41	द्वितीय
3	रचना	श्री संजय सिंह	12	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (पाली)	40	तृतीय

हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव के स्कूली बच्चों के लिए)

(कक्षा 6 से 8)

दिनांक 20.09.2023

क्र.	नाम	पिता का नाम	कक्षा	विद्यालय का नाम	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	किर्ती	श्री नवीन	7	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (खुडाना)	32	प्रथम
2	प्रिया	श्री मनोज कुमार	8	राजकीय माध्यमिक विद्यालय (धोली)	29	द्वितीय
3	निशांत	श्री सतीश कुमार	6	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जांट)	28.5	तृतीय

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सहयोगियों हेतु)

दिनांक 25.09.2023

क्र.	नाम	पद्नाम	विभाग	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	डॉ. अजय पाल	सहायक आचार्य	योग	15	प्रथम

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी व हिन्दी पत्र लेखन प्रतियोगिता

(विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु)

दिनांक 25.09.2023

क्र.	नाम	पद्नाम	विभाग	प्राप्तांक	पुरस्कार
1	रामवीर गुर्जर	सहायक	सूचना का अधिकार प्रकोष्ट	39.5	प्रथम
2	पवन कुमार	निजी सचिव	कुलपति सचिवालय	39	द्वितीय
3	प्रीतम कुमार	अवर श्रेणी लिपिक	विधि प्रकोष्ठ	38	तृतीय

संकलन:

राजभाषा अनुभाग
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय